**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 24.09.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **रांची की विशेष पीएमएलए अदालत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले की आज होगी सुनवाई, बड़गाईं अंचल की जमीन से जुड़ा है मामला।**
2. **एमएमडीआर कानून पर राज्य में राजनीतिक घमासान; मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने केंद्र की नीतियों का किया विरोध, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दावों को बताया गलत।**
3. **राज्य में पुलिस को दोहरी कामयाबी; पूर्वी सिंहभूम में माओवादियों के हथियार बरामद, धनबाद में मुठभेड़ के बाद वासेपुर गोलीकांड के चार आरोपी गिरफ्तार।**
4. **रांची, रामगढ़ और खूंटी समेत कई जिलों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट; जलप्रपातों में उफान को देखते हुए प्रशासन ने पर्यटकों के लिए जारी की सुरक्षा एडवायजरी।**
5. **रांची में आगामी भारत–वेस्टइंडीज टी–20 मैच को लेकर आज प्रशासन और जेएससीए के बीच होगी बैठक; सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और पार्किंग रूट चार्ट पर लिया जा सकता है अंतिम फैसला।**

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रांची के बड़गाईं अंचल की 8 एकड़ 86 डिसिमिल जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज विशेष पीएमएलए कोर्ट में आरोप गठन को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण सुनवाई होने वाली है। इससे पहले, झारखंड हाई कोर्ट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कार्यवाही पर रोक लगाने की याचिका खारिज हो चुकी है, जिसके बाद अब निचली अदालत में उनके खिलाफ आरोप तय करने की कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है।

********************

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने केंद्र सरकार पर राज्य के आर्थिक और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया है। धनबाद में स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर उन्होंने कहा कि खनिज संपदा पर राज्य का पूरा हक है।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने खनिज संसाधनों पर राज्य सरकार के आरोपों को खारिज करते हुए केंद्र के एमएमडीआर अधिनियम 2026 का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह कानून पूरे देश के लिए है। संशोधन का उद्देश्य राज्यों द्वारा मनमाने टैक्स पर रोक लगाकर एक समान व्यवस्था बनाना और रोजगार बढ़ाना है।

********************

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रांची विश्वविद्यालय के ग्रामीण कॉलेजों में स्नातक की सीटें घटाने के विरोध में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बिरसा कॉलेज खूंटी जनजातीय क्षेत्र के छात्रों का मुख्य केंद्र है।मुंडारी जैसे विषयों में आवेदन अधिक होने के बावजूद सीटें कम करने से आदिवासी और गरीब छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

********************

रांची में बढ़ती चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए रांची के एसएसपी राकेश रंजन की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें सिटी, ग्रामीण और ट्रैफिक एसपी सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद थे। बैठक में **हॉटस्पॉट** इलाकों को चिह्नित कर सादे लिबास में पुलिस जवानों की तैनाती और गश्ती तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।

********************

चतरा में अवैध कोयला खनन और परिवहन के खिलाफ सीआईएसएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 275 टन अवैध कोयला जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर फुलवरिया रेलवे साइडिंग के पीछे की गई इस छापेमारी में बरामद कोयले की अनुमानित कीमत तीन लाख छियालीस हजार रुपये से अधिक है।

********************

पूर्वी सिंहभूम में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। एसएसपी डॉ. एहतेशाम वकारिब के निर्देश पर जमशेदपुर पुलिस और कोबरा बटालियन ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान एमजीएम और चाकुलिया के जंगलों से एक इंसास, एक एकेएम राइफल और 232 गोलियां जब्त की गईं। यह कार्रवाई गिरफ्तार माओवादियों की निशानदेही पर हुई।

********************

धनबाद पुलिस ने वासेपुर गोलीकांड के आरोपियों को कल रात एक मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। ईस्ट बसुरिया क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई में गोली लगने से अपराधी चंदन ठाकुर घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से एक पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। एसएसपी प्रभात कुमार ने मौके पर पहुंचकर इस एनकाउंटर की पुष्टि की है।

********************

लातेहार जिले में नक्सल उन्मूलन के बाद अब पुलिस ने एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बड़ा जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसके तहत पुलिस सुदूर गारू और सरयू जैसे पूर्व उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के गांवों और स्कूलों में जाकर लोगों को अंधविश्वास, साइबर अपराध, नशाखोरी तथा बाल विवाह के खिलाफ जागरूक कर रही है।

********************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड में 29 सितंबर तक भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। आज रांची, खूंटी और रामगढ़ समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी।

इधर, मूसलाधार बारिश से जोन्हा और हुंडरू सहित प्रमुख जलप्रपातों में उफान को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने पर्यटकों से वहां न जाने की अपील की है।

********************

रांची के जेएससीए स्टेडियम में 9 अक्टूबर को होने वाले भारत–वेस्टइंडीज टी 20 मैच की सुरक्षा को लेकर आज एक अहम बैठक होगी। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और जेएससीए प्रबंधन के बीच होने वाली इस बैठक में भीड़ प्रबंधन की विशेष रणनीति बनाई जाएगी। पूर्व में हुई घटनाओं से सबक लेते हुए हर गेट पर पुलिस बल की कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेपीएससी की 21 परीक्षाओं में धांधली की जांच के लिए छह विशेष टीमों के गठन की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

- **दैनिक जागरण** ने लिखा है– जेपीएससी परीक्षाओं में अनियमितता जांचेगी 35 अधिकारियों की छह टीमें।

- **प्रभात खबर** की सुर्खी है– खनिजों पर सेस लगाने का अधिकार समाप्त करने का विरोध, पांच और छह अक्तूबर को विशेष सत्र बुलायेगी राज्य सरकार।

- **दैनिक भास्कर** लिखता है– डीजीपी नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार आज रखेगी पक्ष।

- **हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– पत्नी की हत्या का आरोपी कैदी रिम्स से हुआ फरार।

***************